**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 23-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-बहरू,पावर हाउस काकोरी, जनपद-लखनऊ के निवासियों का ओ0टी0एस0 योजना के अन्तर्गत बिल जमा करने के बावजूद भी बिल आने के कारण उनकी समस्या का समाधान कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2025 जो कि मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित था,प्राप्त हुआ है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या उक्त पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों की समस्या का समाधान करा दिया गया है? | शिकायती पत्र में वर्णित उपभोक्ता श्री गया प्रसाद पुत्र श्री रेवती निवासी ग्राम-बहरू, पावर हाउस काकोरी, जनपद-लखनऊ का ओ०टी०एस० योजना में बिल जमा करने के उपरान्त गलत विद्युत बिल प्राप्त होने की जाँच बिलिंग सिस्टम पर कर विभागीय नियमानुसार विद्युत बिल संशोधित कर दिया गया है, जिसको उपभोक्ता द्वारा दिनांक 20.05.2025 को जमा भी कर दिया गया है।<br>उक्त सम्बन्ध में उपभोक्ता द्वारा दिये गये संतुष्टि पत्र की छायाप्रति संलग्न है। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त समस्या का समाधान करा दिया जायेगा? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**

संलग्नक

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड,सेस–चतुर्थ
अमानीगंज, मलिहाबाद
लेसा, लखनऊ।

विषयः–श्री गयादीन पुत्र स्व0 रेवाती, नि0 बहरू काकोरी के प्रार्थना–पत्र के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको सादर अवगत कराना है कि मै गयादीन पुत्र स्व0 रेवाती निवासी–ग्राम–बहरू पोस्ट–काकोरी जनपद लखनऊ का निवासी हूँ, मेरे विद्युत संयोजन संख्या–5878097000, का बिल विभाग द्वारा संशोधित कर दिया गया है, जिसका भुगतान मेरे द्वारा दिनांक–20.05.2025, को कर दिया गया है।

अतः विभाग द्वारा किए गये निस्तारण से मै पूर्ण रूप से संन्तुष्ट हूँ।

ऊषा

दिनांकः–02.06.2025

प्रार्थीनी

श्रीमती ऊषा पत्नी गयादीन
निवासी– ग्राम–बहरू
पोस्ट–काकोरी जनपद लखनऊ